(भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग-II, खण्ड-3, उप खण्ड (ii) में प्रकाशनार्थ)

भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय
नई दिल्ली

**आदेश**

का. आ. ----- (अ.).– भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 (2016 का 11) की धारा 17 के साथ पठित धारा 16 तथा धारा 25 की उप-धारा (3) के द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्रीय सरकार यह मत रखते हुए कि सार्वजनिक हित में ऐसा करना आवश्यक अथवा समीचीन है और ब्यूरो से परामर्श करने के पश्चात, निम्नलिखित आदेश करती है, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ होना**– (1) इस आदेश को इस्पात और इस्पात उत्पाद (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2024 कहा जाएगा।
(2) यह आदेश शासकीय राजपत्र में इसके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगा।

2. **अनुप्रयोग**- यह आदेश अनुसूची 1 के कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट इस्पात और इस्पात उत्पादों पर लागू होगा लेकिन यह स्वदेश में विनिर्मित ऐसे इस्पात और इस्पात उत्पादों पर लागू नहीं होगा, जो निर्यात के लिए हैं और जो विदेशी क्रेता द्वारा अपेक्षित किसी अन्य विनिर्देशन के अनुरूप हैं।

3. **मानकों की अनुरूपता**– (क) अनुसूची 1 के कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट प्रत्येक इस्पात और इस्पात उत्पाद उक्त अनुसूची के कॉलम (5) में विनिर्दिष्ट तिथियों से उक्त अनुसूची के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट संबंधित भारतीय मानकों के अनुरूप होगा।
(ख) अनुसूची 1 के कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट प्रत्येक इस्पात और इस्पात उत्पाद के मामले मे प्रत्येक कंसाइनमेंट के साथ भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) से प्रमाणित विनिर्माता द्वारा जारी मानक चिन्ह युक्त जांच प्रमाण-पत्र के साथ होना चाहिए।

4. **मानक चिन्ह का अनिवार्य उपयोग**– अनुसूची 1 के कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट प्रत्येक इस्पात और इस्पात उत्पाद पर भारतीय मानक ब्यूरो (अनुरूपता आकलन) विनियम, 2018 की अनुसूची- II की योजना-I के अनुसार ब्यूरो से लाइसेंस के तहत मानक चिह्न होना चाहिए।
(2) विनिर्दिष्ट मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने वाले निम्न स्तरीय अथवा दोषपूर्ण इस्पात एवं इस्पात उत्पादों का स्क्रैप के रूप में इस प्रकार निपटान किया जाएगा जिससे भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 (2016 का 11) की धारा 17 की उप-धारा (1) के खंड (ख) के प्रावधानों का उल्लंघन न हो।

5. **प्रमाणन और प्रवर्त्तन प्राधिकारी -** भारतीय मानक ब्यूरो इस आदेश में विनिर्दिष्ट इस्पात और इस्पात उत्पादों, वस्तु एवं सामग्रियों के संबंध में प्रमाणन एवं प्रवर्त्तन प्राधिकारी होगा।

6. **उल्लंघन के लिए सजा**-जो भी व्यक्ति इस आदेश के किसी प्रावधान का उल्लंघन करेगा, उसे भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 (2016 का 11) की धारा 29 के अंतर्गत दण्ड दिया जाएगा।

7. **भारतीय मानकों में संशोधन अथवा सुधार प्रवृत्त होने की तिथि**- यदि अनुसूची 1 में विनिर्दिष्ट किसी भी भारतीय मानक में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा कोई संशोधन अथवा सुधार किया जाता है, तो इस तरह के संशोधन अथवा सुधार पर यह आदेश ब्यूरो द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की गई तिथि से प्रभावी होगा।

## अनुसूची 1

| क्र. सं. | भारतीय मानक | | आईटीसी (एचएस) कोड | | | कार्यान्वयन की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | आईएस संख्या | आईएस शीर्षक | | | | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | | | (5) |
| 1. | आईएस 18316: 2023 | अर्ध/पूरी तरह से प्रसंस्कृत नॉन ग्रेन ओरियेटेंड इलेक्ट्रिकल स्टील या पूरी तरह से प्रसंस्कृत ग्रेन आरियेटेंड इलेक्ट्रिकल स्टील के प्रसंस्करण के लिए हॉट रोल्ड और कोल्ड रोल्ड स्टील स्ट्रिप्स | 72251100<br>72251910<br>72251920 | 72251990<br>72261100<br>72261910 | 72261920<br>72261990 | निर्णय लिया जाना है |
| 2. | आईएस 18384: 2023 | पाइपलाइन परिवहन प्रणालियों के लिए वेल्ड किए गए इस्पात पाइप हेतु हॉट-रोल्ड स्टील स्ट्रिप, शीट और प्लेट्स | 72082510<br>72082520<br>72082530<br>72082540<br>72082590<br>72082610<br>72082620<br>72082630<br>72082640<br>72082690<br>72082710<br>72082720<br>72082730<br>72082740<br>72082790<br>72083610<br>72083620<br>72083630<br>72083640<br>72083690<br>72083710<br>72083720<br>72083730<br>72083740<br>72083790<br>72083810<br>72083820<br>72083830<br>72083840<br>72083890 | 72083910<br>72083920<br>72083930<br>72083940<br>72083990<br>72085110<br>72085120<br>72085130<br>72085140<br>72085190<br>72085210<br>72085220<br>72085230<br>72085240<br>72085290<br>72085310<br>72085320<br>72085330<br>72085340<br>72085390<br>72085410<br>72085420<br>72085430<br>72085440<br>72085490<br>72089000<br>72111300<br>72111410<br>72111420<br>72111430 | 72111440<br>72111450<br>72111460<br>72111490<br>72111910<br>72111920<br>72111930<br>72111940<br>72111950<br>72111960<br>72111990<br>72119090<br>72253090<br>72254011<br>72254012<br>72254013<br>72254019<br>72254020<br>72254030<br>72259090<br>72269110<br>72269120<br>72269130<br>72269190<br>72269910<br>72269920<br>72269930<br>72269940<br>72269951<br>72269990 | निर्णय लिया जाना है |
| 3. | आईएस 18385: 2023 | ऑटोमोटिव अनुप्रयोगों के लिए हॉट-डिप गैल्वेनाइज्ड/गैल्वेनील्ड स्टील शीट और स्ट्रिप्स | 72104910<br>72104990<br>72109090<br>72123090<br>72123091 | 72123099<br>72125090<br>72259210<br>72259290<br>72259990 | 72269971<br>72269973<br>72269979<br>72269990 | निर्णय लिया जाना है |
| 4. | आईएस 18513: 2023 | हॉट-डिप जिंक-एल्यूमिनियम-मैग्नीशियम एलॉय कोटेड स्टील शीट्स, प्लेस्ट्स और स्ट्रिप्स | 72104990<br>72106100<br>72106900<br>72109090<br>72123090 | 72123099<br>72125040<br>72125090<br>72259290<br>72259920 | 72259990<br>72269979<br>72269982<br>72269990 | निर्णय लिया जाना है |

| क्र. सं. | भारतीय मानक | | आईटीसी (एचएस) कोड | | | कार्यान्वयन की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | आईएस संख्या | आईएस शीर्षक | | | | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | | | (5) |
| 5. | आईएस 1469: 1993 | फेरोमोलिब्डेनम – विनिर्देशन | 72027000 | 72029990 | | निर्णय लिया जाना है |
| 6. | आईएस 1466: 1985 | फेरो वेनेडियम के लिए विनिर्देशन | 72029200 | 72029990 | | निर्णय लिया जाना है |

*नोट : इस अधिसूचना के उद्देश्य से, ''आईटीसी (एचएस) कोड्स'' का तात्पर्य क्रमश: अनुसूची 1 एवं अनुसूची 2 के कॉलम (4) में विनिर्दिष्ट भारतीय व्यापार वर्गीकरण (हार्मोनाइज्ड सिस्टम) कोड्स से है। ये कोड प्रकृति में सामान्य और सांकेतिक हैं तथा इस आदेश की प्रयोज्यता भारतीय मानकों में शामिल इस्पात एवं इस्पात उत्पादों तक सीमित होगी।*

[सं. एस-20011/5/2024-तकनीकी]

(अभिजीत नरेंद्र)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार